# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में महंत अवेद्यनाथ सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित। कहा– राज्य में खेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है सरकार।
- विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों को दिए कई अहम निर्देश। बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ पर कार्यभार कम करने को कहा।
- काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण में हो रहा है सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन। तमिलनाडु से आ रहे दलों को कराया जा रहा है काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन।
- पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी बाघ अभ्यारण्यों में दस दिसम्बर से शुरू होगी बाघों की गणना।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में महंत अवेद्यनाथ सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता–दो हजार पचीस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों और उनके खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों के अंदर खेलों को लेकर देश में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में खेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है।

**हमारी सरकार ने तय किया है, हर कमिश्नरी मुख्यालय पर एक स्पोर्ट्स कॉलेज होना चाहिए। हर जिला मुख्यालय पर एक स्टेडियम होना चाहिए, हर ब्लॉक लेवल पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए और युद्ध स्तर पर इन कार्यक्रमों के साथ सरकार जुड़ी है, इनको लगातार सुविधाओं को बढ़ा रही है।**

मुख्यमंत्री ने उनहत्तरवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता के तहत कुश्ती विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कल ही गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय–समय पर अलग–अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कई राज्यों में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान में लगे बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ पर कार्यभार कम करने के लिए कई निर्देश जारी किए। एक याचिका की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने राज्य सरकारों को उनके काम के घंटों को आनुपातिक रूप से कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती पर विचार करने का निर्देश दिया। एक रिपोर्ट–

**मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि राज्य सरकारों और राज्य चुनाव आयोगों द्वारा तैनात कर्मचारी ऐसे कर्तव्यों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। इसलिए जब भी बीएलओ को कठिनाइयों का सामना करना पड़े, राज्य सरकारों को हस्तक्षेप करना चाहिए। समाचार कक्ष से विशाल शर्मा।**

**********

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया जारी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल प्रयागराज में एसआईआर को लेकर कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह अभियान चल रहा है। मतदाता सूची शुद्धिकरण के इस कार्यक्रम में कोई पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए। इसी क्रम में कल भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग एवं प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गौतम बुद्ध नगर में एसआइआर प्रक्रिया की समीक्षा की।

इस बीच हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया है कि जिले में एसआईआर के तहत अब तक 72 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है।

***हमारे जनपद में कुल 1156000 मतदाताओं के सापेक्ष लगभग 84 प्रतिशत मतदाताओं का विवरण बीएलओ एप्प के माध्यम से अपडेट किया जा चुका है और वर्तमान समय तक लगभग 72 प्रतिशत मतदाताओं के डिजिटाइजेशन का कार्य और लगभग 20 से 22 प्रतिशत मतदाताओं को एसडीटी कैटेगरी में फीड किया जा चुका है। तीनों ही असेंबली कॉन्स्टिट्यूएंसी इसमें काम अब अपने अंतिम चरण पर है।***

**********

प्रदेश के समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में सुधार करते हुए पेंशन भुगतान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बना दिया है। इसके तहत पात्र वृद्धजन की पहचान और सत्यापन फैमिली आईडी–'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वतः हो सकेगी, जिससे पेंशन बिना देरी सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचेगी।

**********

वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। कल नमो घाट पर नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा बच्चों के लिए ज्ञान, रचनात्मकता और मनोरंजन से परिपूर्ण विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। क्रिएटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट ने कठपुतली नाटक 'हिन्द के सरदार' के माध्यम से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी को प्रदर्शित किया। इससे पहले तमिलनाडु से आए दूसरे दल ने कल काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन किए।

**********

पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी बाघ अभ्यारण्यों में दस दिसम्बर से बाघों की गणना शुरू हो रही है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि ट्रांजिट लाइन बनाने का काम शुरू हो गया है। श्री सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में मई दो हजार छब्बीस के अंत तक बाघों की गणना पूरी हो जाएगी।

**अखिल भारतीय बाघ गणना जो प्रत्येक चार वर्ष में कराई जाती है, उसकी शुरुआत जो है पीलीभीत टाइगर जंगल में शुरू कर दी गई है और पीलीभीत टाइगर जंगल में 10 दिसंबर से 15 जनवरी तक यह कार्य कराया जाएगा और पूरे प्रदेश की अगर हम बात करें तो यह जो कार्यक्रम है यह दिसंबर से शुरू हो कर के मई तक चलेगा। प्रथम चरण में पीलीभीत तथा किशनपुर में होगा, द्वितीय चरण में दुधवा और आपके जो साउथ खीरी और बफर के डिवीजन है यहां पर होगा, तीसरे चरण में हमारा कतनिया घाट आएगा और चौथे चरण में रानीपुर टाइगर जंगल आएगा।**

**********

नोएडा में बने जंगल ट्रेल पार्क को लोगों के लिए खोल दिया गया है। इस पार्क में करीब छह सौ पचास जानवरों की आकृतियां लगाई गई हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नोएडा के सेक्टर–95 में बने इस पार्क के अंदर कबाड़ से बने डायनासोर, गैंडा, मगरमच्छ, अजगर, बंदर की आकृतियां लगाई गई हैं। इसके साथ ही छोटी आकृतियों में सुंदर–सुंदर चिडियां भी कबाड़ से बनाई गई है। पार्क की यह खासियत है कि बच्चे जिस भी जानवर के सामने जाएंगे उसकी आवाज वहां सुनने को मिलेगी। बच्चों के लिए एम्युजमेंट पार्क, बोटिंग के अलावा नाइट सफारी का भी इंतजाम है। पार्क के दो हिस्सों को जोड़ने के लिए अंडरपास भी बनाया गया है। पीपीपी मॉडल पर बने इस पार्क को बनाने में करीब 25 करोड़ रुपए की लागत आई है। विशाल धर दूबे, आकाशवाणी समाचार, गौतम बुद्ध नगर।**

**********

पिछले महीने से लागू की गई नई श्रम संहिताएँ पूरे देश में श्रमिकों की आजीविका को स्थिरता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट–

**नई नीतियों में यह प्रावधान किया गया है कि कोई भी नियोक्ता किसी भी कर्मचारी को न्यूनतम वेतन से कम वेतन नहीं देगा। इसके साथ ही इन कानूनों ने संगठित श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजना जैसे जीवन विकलांगता कवर स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ तथा बुढ़ापे की सुरक्षा का हक भी पक्का किया है। इसके अलावा घर से दफ्तर आते–जाते किसी दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों को पूरा मुआवजा भी मिलेगा। नए श्रम सुधार वेतन संरक्षण, कार्यस्थल सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाते हैं। अब निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक समान कार्यमानक तक बेहतर पहुंच और देश की विकास यात्रा में अपनी भूमिका को लेकर बेहतर पहचान की उम्मीद कर सकते हैं। दृष्टि के साथ अंकित, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

नांदेड़ से पीलीभीत होकर उत्तराखंड के टनकपुर तक के लिए साप्ताहिक ट्रेन संचालन को रेल मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। इस ट्रेन के संचालित होने से पीलीभीत एवं बरेली के लोगों की व्यवसायिक गतिविधियां सशक्त होंगी। साथ ही पीलीभीत में रहने वाले सिख समाज के लोगों के लिए सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब तक की यात्रा आसान हो जाएगी। मथुरा, आगरा, झांसी और ग्वालियर जाने वालों को भी इस ट्रेन से लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने यह सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है।

**********